

**अन्तर्राष्ट्रीय समय की गणना** :→ 0° देशान्तर से की जाती है।

0° देशान्तर रेखा को प्रधान समय मानक रेखा, याम्योत्तर रेखा, ग्रीनविच रेखा कहते है।

→ यह रेखा इंग्लैण्ड के ग्रीनविच शहर से होकर गुजरती है।



→ राष्ट्रीय समय की गणना :- भारत का मानक समय 82½° या 82° 30' पूर्वी देशान्तर से लिया गया है। भारत की समय मानक रेखा इलाहाबाद उत्तर प्रदेश के नैनी नामक स्थान से होकर गुजरती है इसलिए भारत की समय मानक रेखा को नैनी रेखा कहते हैं।




→ भारत पूर्वी देशान्तरो मे स्थित होने के कारण भारत का समय अन्तर्राष्ट्रीय समय से 5½ घण्टे या 5 घण्टे 30 मिनट आगे है।

प्रश्न भारत का समय =

$82\frac{1}{2}°$ पूर्वी देशान्तर से


$82\frac{1}{2} \times 4'$

साधारण भिन्न बनाने पर

$\frac{165}{2} \times 4' = 330'$

घण्टे बनाने पर

330X60 = 5 घण्टे 30 मिनट




नोट :→ ① भारत की समय मानक रेखा 5 राज्यों से होकर गुजरती है।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्रप्रदेश


② मैंनी रेखा कर्क रेखा सरगुजा (छत्तीसगढ़) में एक दूसरी को काटती है।

## → राजस्थान मे सूर्य की स्थिति :→




राजस्थान का देशान्तरीय विस्तार 8°47' है व दो देशान्तरो के मध्य 4 मिनट का अन्तर होता है तो राज्य के पूर्वी व पश्चिमी छोर के सूर्य समय मे 35'08" का अन्तर रहता है। राज्य मे सबसे पहले सूर्य उदय व अस्त धौलपुर मे व सबसे बाद मे उदय व अस्त जैसलमेर मे होता है।

→ राज्य मे सूर्य की किरणें




→ जब सूर्य जून मे कर्क रेखा पर चमकता है तो राज्य के दक्षिणी भाग पर सूर्य की किरण सीधी व उत्तरी भाग पर तिरछी पड़ती है।

→ राज्य मे दक्षिण दिशा से उतर दिशा की तरफ चलने पर आदमी की परछाई बड़ी होती जाती है।